कार्यशाला का उद्घाटन करते श्रम संसाधन मंत्री विजय कुमार सिन्हा व अन्य

युवाओं को मिलेगी ट्रेनिंग : विजय सिन्हा

पटना. राज्य में कार्यरत कंपनियों को अब युवाओं को रोजगार के लिए अप्रेंटिस की ट्रेनिंग अनिवार्य कर दी जायेगी. राज्य सरकार इसके लिए बाहरी कंपनियों से भी करार करेगी. श्रम संसाधन मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि बिहार की तुलना में दूसरे राज्य अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के क्षेत्र में आगे हैं. इन राज्यों को अप्रेंटिसशिप के माध्यम से प्रशिक्षित युवाओं को बेहतर रोजगार मिल रहा है. बिहार के युवाओं को भी बेहतर रोजगार के अवसर मिले, इसके लिए श्रम विभाग को सभी कंपनियों से भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

प्रभात खबर
Wed, 16 October 2019
https://epaper.prabhatkhabar.cor